# एमजीएम अलाइड हेल्थ साइंसेस इंस्टीट्यूट (MAHSI)

**महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालय (स्वशासी), इन्दौर (म.प्र)**

क्रमांक 457 / प्रवेश / MAHSI / 2023 — इन्दौर, दिनांक 03/02/2023

**फिजियोथेरेपी व पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रोविजिनल (अनंतिम) प्रवेश हेतु विज्ञापन वर्ष 2022–23**

स्टेट अलाइड हेल्थ साइंसेस इंस्टीट्यूट (MAHSI), शासकीय महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालय (स्वशासी संस्था) इन्दौर के अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2022–23 में विभिन्न स्ववित्तीय पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रोविजिनल (अनंतिम) प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदक को 12वीं (10+2) परीक्षा किसी मान्यता प्राप्त संस्था/बोर्ड से बॉयलाजी समूह पाठ्यक्रम से उत्तीर्ण होना आवश्यक है। उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश 12वीं में फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉयलॉजी विषयों में प्राप्तांकों की मेरिट (प्रावीण्य सूची) के आधार पर दिए जावेंगे। विज्ञापन प्रकाशन तिथि को आवेदक की न्यूनतम आयु 17 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष होनी चाहिए। पाठ्यक्रमों में प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी प्रवेश विवरणिका में उपलब्ध होगी। पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु उपलब्ध सीटों का विवरण निम्नानुसार है –

| क्र. | पाठ्यक्रम का नाम | डिग्री/डिप्लोमा/ प्रमाण पत्र | पाठ्यक्रम की अवधि | प्रवेश हेतु उपलब्ध सीटों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी (बी.पी.टी) | डिग्री | 4½ वर्षीय | 100 |
| 2. | बैचलर ऑफ आक्यूपेशनल थेरेपी (बी.ओ.टी.) | डिग्री | 4½ वर्षीय | 40 |
| 3. | बैचलर ऑफ एक्स–रे रेडियोडायग्नोसिस टेक्निशियन (BXRT) | डिग्री | 3 वर्षीय | 25 |
| 4. | बैचलर इन मेडिकल लेब टेक्निशियन (BMLT) | डिग्री | 3 वर्षीय | 50 |
| 5. | डिप्लोमा इन कैथ लैब टेक्निशियन | डिप्लोमा | 2 वर्षीय | 25 |
| 6. | डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्निशियन | डिप्लोमा | 2 वर्षीय | 40 |
| 7. | डिप्लोमा इन आप्थलमिक असिस्टेन्ट | डिप्लोमा | 2 वर्षीय | 30 |
| 8. | डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी टेक्निशियन | डिप्लोमा | 2 वर्षीय | 05 |
| 9. | सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी | प्रमाण पत्र | 1 वर्षीय | 50 |
| | | | कुल सीट | 365 |

नोट : संस्था द्वारा प्रकाशित पाठ्यक्रमों एवं सीटों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है।

1) पाठ्यक्रमों में उपलब्ध सीटों पर म.प्र. शासन के नियमानुसार आरक्षण का प्रावधान है। आरक्षण के लाभ हेतु आवेदक को म.प्र. राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
2) प्रवेश हेतु – प्रवेश विवरणिका एवं आवेदन पत्र संस्था की वेबसाइट www.mahsimgm.in पर दिनांक 06–02–2023 से 18–02–2023 तक उपलब्ध होंगे। आवेदन का शुल्क अनारक्षित वर्ग हेतु रुपये 600/– एवं आरक्षित वर्ग (ST/SC/OBC) हेतु रुपये 400/– है, जिसे आनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने पर संस्था की वेबसाइट एवं आफलाइन आवेदन प्रस्तुत करने पर संस्था में जमा करवाना होगा।
3) प्राप्त आवेदनों की प्रवेश हेतु वरीयता सूची (मेरिट लिस्ट) दिनांक 25–02–2023 को जारी की जायेगी एवं उक्त सूची के अनुसार काउंसिलिंग प्रक्रिया द्वारा दिनांक 03–03–2023 को प्रातः 9.00 बजे से पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रदान किये जावेंगे।
4) काउंसिलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित होने हेतु पृथक से कॉल लेटर जारी नहीं किया जावेगा।
5) उक्त तिथियों/प्रक्रिया में किसी प्रकार के परिवर्तन की सूचना संस्था के नोटिस बोर्ड एवं वेबसाइट www.mahsimgm.in पर प्रसारित की जावेगी, अतः वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

(डॉ. संजय दीक्षित)
अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर